Title: Need to provide financial assistance to Government of Uttar Pradesh for construction of bridges on river Kunwar at Towa and Binapara in Azamgarh district-Laid.

डॉ. बलिराम (लालगंज): मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र निजामाबाद में तोआ, लाहडीह, सरायमीर तथा बीनापारा की ओर दिलाना चाहता हूं। तोआ व बीनापारा से होकर कुंअर नदी बहती है, बीनापारा में तो सैंकड़ों वर्ो पुराना लकड़ी का जर्जर हालत में पुल है लेकिन तोआ में वह भी नहीं है, जिसके कारण स्थानीय जनता को हमेशा आवागमन में परेशानी रहती है तथा बरसात में तो लोगों का आवागमन ही बंद हो जाता है, जिसके कारण लगभग पचास गांवों के लोगों के जीवन पर असर पड़ता ही है साथ में तोआ विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई का भी नुकसान होता है। इस क्षेत्र के ि वकास व आवागमन के सुगम साधन के लिए तोआ व बीनापारा में पुल बनाना आवश्यक है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ के निजामाबाद विधान सभा क्षेत्र में स्थित तोआ व बीनापारा में कुंअर नदी पर तत्काल पुल का निर्माण कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध करावें।